अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

आस्था और स्वास्थ्य का संतुलन

सूर्योदय के समय पानी पीना केवल परम्परा नहीं, बल्कि जीवन का विज्ञान है। यह उन्हें मानसिक शांति और शारीरिक तंदुरूस्ती के साथ प्रकृति से जोड़ता है। आज की समस्त जीवन शैली में इस छोटी-सी आदत को अपनाना उनके जीवन में संतुलन और उर्जा लाने का सबसे आसान तरीका है। प्रकृति से जुड़ना ही वास्तव में स्वास्थ्य से जुड़ना है।

लोकल स्पोर्ट्स

इन्दौर का ध्रुव गोयल अंतरराष्ट्रीय हैकाथॉन में रनर अप

इन्दौर (ई) यूनिवर्सिटी ऑफ मेम्फिस स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ द्वारा आयोजित री-एआईएम पब्लिक हेल्थ आईडियाज़ हैकाथॉन 2025-2026 में चोइथराम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के बीपीटी द्वितीय वर्ष के छात्र ध्रुव गोयल ने इम्पैक्ट कैटेगरी में रनर-अप स्थान हासिल कर शहर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। इस अंतरराष्ट्रीय हैकाथॉन में दुनियाभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। ध्रुव ने अपने माइंडफिट - यूथ मेंटल एंड फिजिकल हेल्थ प्लेटफॉर्म प्रोजेक्ट के जरिए यह उपलब्धि हासिल की।

हैंडबॉल प्रशिक्षण शिविर आज से

इन्दौर (ई) स्थानीय मल्हार आश्रम खेल मैदान पर मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ द्वारा अपना परम्परागत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आज 15 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को हैंडबॉल हेतु एनआईएस कोच डॉ रंजीत सिंह रावत, विक्रम अवाडी राजेश जोशी, राहुल चित्रे, शुभम भगत, पूजा शर्मा आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने बताया कि शिविर आज 15 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा इसमे आने वाले खिलाड़ियो को टी शर्ट प्रदान की जाएगी। शिविर मे हैंडबॉल खेल के साथ शारीरिक दक्षता व मानसिक संतुलन योग के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा सिखाया जाएगा।

स्नेहा ने नेशनल में निकाला कांस्य

इन्दौर (ई) नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शहर की होनहार बाक्सर स्नेहा वर्मा ने कांस्य पदक जीत कर शहर और प्रदेश को गौरवान्वित किया । स्नेहा ने जूनियर वर्ग की वेट कैटिगरी 70 से 75 में यह सफलता अर्जित की। उन्हें उनकी इस उपलब्धि पर केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व म.प्र. ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला ने बधाई दी।

स्व. परमदीपसिंह पठानिया अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा

राउ क्लब की शानदार जीत

इन्दौर। आईडीसीए के तत्वावधान में इंदौर कोल्टस द्वारा आयोजित स्व परमदीप सिंह पठानिया स्मृति अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज राउ क्लब एवं आरबीसीएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवरो में 9 विकेट खोकर 205 रन बनाये। जाबिर खान ने नाबाद 65 रन बनाये। एकलव्य रावलिया ने 3 विकेट लिये। जवाब में आरबीसीएफ की टीम 40 ओवरो में 166 रनों पर सिमट गई और यह मैच 39 रनों से हार गई । स्वस्तिक द्विवेदी ने 73 रन बनाये। करन व अजीज ने 2-2 विकेट लिये।!

प्रत्यक्ष साही की शतकीय पारी से श्रीराम स्पोर्ट्स की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोटस एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें श्रीराम स्पोटस ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 4 विकेट खोकर 209 रन बनाये। प्रत्यक्ष साही ने नाबाद 101 रन बनाये। वीर प्रताप ने 2 विकेट लिये। जवाब में जय गिरनारी की टीम 37 ओवरो में 92 रनों पर सिमट गई और यहमैच 117 रनों से हार गई । भव्य गोठी ने 3 विकेट लिये ।

सीसीआय की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टार क्लब ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 170 रन बनाये। अर्नव श्रीवास्तव ने नाबाद 50 रन बनाये। तेजस, आरव एवं अब्दुल ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में सीसीआय की टीम ने 40 ओवरो में 7 विकेट खोकर 171 रन बना लिये और यहमैच 3 विकेट से जीत लिया । अब्दुल माजीद ने 59 रन एवं अभिषेक चौहान ने 42 रन बनाये। अर्नव श्रीवास्तव ने 4 विकेट लिये ।

आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा : एकेसीए की रोमांचक जीत



आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित आयसीसी महावरी टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में आज एकेसीसीए व राउ क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें राउ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोकर 122 रन बनाये। आर्यमन व आदित्य ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में एकेसीए की टीम ने 10 ओवरो में 1 विकेट खोकर 123 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। अथर्व जोशी ने आक्रामक नाबाद 91 रन, 36 गेंद, 11 चौके व 6 छक्के का योगदान दियां।

इन्दौर स्पोर्टस की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच इंदौर स्पोटस एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एलएसजीसीए ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में 10 विकेट खोकर 90 रन बनाये। पवन यादव ने 3 विकेट लियें। जवाब में इंदौर स्पोटस की टीम ने 10 ओवरो में 4 विकेट खोकर 94 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से आसानी से जीत लिया । अनिल मौर्य ने 34 रन बनाये।

आदि गुरु शंकराचार्य जी की जन्म जयंती की पहले 54 समाज प्रमुखों के साथ

गोस्वामी समाज ने की समरसता महाआरती

इंदौर। आदि गुरु शंकराचार्य की जन्म जयंती के पहले अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा इंदौर द्वारा 21 स्थान पर समरसता महाआरती का आयोजन किया जा रहा है,उसी के तहत देपालपुर मंदिर में 19वीं आरती 54 जाति प्रमुखों ने समरसता महाआरती की।

युवा प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी और कार्यक्रम के संयोजक महेश पुरी ने बताया कि अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज युवा शाखा इंदौर द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के पहले देपालपुर मंदिर मे 54 जाति प्रमुखों के साथ मिलकर समरसता आरती की गई।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मनोज पटेल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महंत राजेंद्र भारती, धार जिला अध्यक्ष निलेश भारती, समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गोस्वामी एवं 52 जातियों के प्रमुख जिसमे ब्राह्मण, कलौता, धाकड़, जेन, राजपूत, चौधरी (गारी), सेन, प्रजापत, माल, कायस्थ, ठाकुर, किर, रजक, पांचाल, तेली (राठौर), नागर (ब्राह्मण) समाज, बैरागी, गुर्जर, खाती, भोई, गवली, यादव, कौशिक, दर्जी, भील, रविदास, मालवीय, वाल्मीकि, बर्गुण्डा, नाथ, जोशी, डाकोतरा, जायसवाल, जाट, पारदी, खटीक, सुनार,अग्रवाल, माहेश्वरी, सिंधी, वैश्य, तम्बोली, मराठा समाज सहित अन्य समाजों के प्रतिनिधिसम्मिलित हुए।

इस अवसर पर विधायक मनोज पटेल ने कहा कि गोस्वामी समाज ने 54 समाज प्रमुखों को एकत्रित कर समरसता का संदेश देते हुए आदिगुरु शंकराचार्य जी के जीवन ही हिंदू संस्कृति को दिशा व दशा देने वाला है और हिंदू समाज को संगठित करने वाला है वंदे मातरम जो नहीं बोलेगा वैसे लोगों की देपालपुर में भी आवश्यकता नहीं है हिंदुस्तान में रहना होगा तो वंदे मातरम कहना होगा।

महंत राजेंद्र भारती ने कहा कि अहम् ब्रह्मास्मि हम सब में एक ही ब्रह्म है आदिगुरु जी ने वैदिक आधार पर सभी समाजों को संगठित किया, वसुदेव कुटुंबकम संदेश दिया हमारे संस्कृति और सस्सुता के आधार पर भारत विश्व गुरु है आने वाले समय में विश्व का नेतृत्व करेगा।

इस अवसर पर योगेंद्र पुरी, सुनील गिरी सुलचानिया,दशरथ गिरी, युवा जिला अध्यक्ष सचिन पुरी, पवन भारती,नागेश पुरी,भैरू पुरी,विनोद पुरी,चीकू पुरी, कुणाल पुरी, सतीश गिरि, मंगल भारती जी, विजय गिरि, मदन गिरि, देव पुरी,महंत जीवनगिरि, रतन वन,आशीष वन,पूनम पुरी,गोपाल गिरि,ःसैकड़ो की संख्या में समाज बंधु उपस्थित हुए।

आधार हाउसिंग फाइनेंस ने इंदौर में नई शाखा के साथ दायरा बढ़ाया

इन्दौर। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने इंदौर में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया है। इस नई शाखा से कंपनी शहर और आसपास के इलाकों में ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं दे पाएगी। इस शाखा के जुड़ने से अब मध्य प्रदेश में कंपनी की कुल 57 शाखाएं हो गई हैं, जबकि देशभर में कंपनी का नेटवर्क 620 से अधिक शाखाओं तक फैल चुका है।

बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आवास से जुड़ी सरकारी नीतियों की वजह से इंदौर तेजी से मध्य प्रदेश के एक प्रमुख आवासीय और आर्थिक केंद्र के रूप में मजबूत हो रहा है। राज्य सरकार ने अपने बजट 2026-27 में शहरी विकास, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर और हाउसिंग विस्तार के लिए 21,562 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मध्य प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को लागू करने में भी आगे रहा है, जिसके तहत अब तक 8.77 लाख घर दिए जा चुके हैं और अगले पांच वर्षों में 10 लाख और घर जोड़ने का लक्ष्य है।

उद्घाटन समारोह में आधार हाउसिंग फाइनेंस के चीफ बिजनेस लीडर संदीप जैन और सकॅल हेड सचिन माहेश्वरी सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ऋषि आनंद ने कहा, ÷इंदौर जैसे उभरते बाजारों में नई शाखा खोलना कम आय वर्ग के लोगों तक होम लोन की पहुंच बढ़ाने की हमारी प्राथमिकता को दर्शाता है। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सीओओ अनिल नायर ने कहा, ÷इंदौर में पहली बार घर खरीदने वालों, खासकर स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे व्यवसायियों के बीच घर की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, शहरी विकास को बढ़ावा देने के तहत राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इंदौर को पाँच वर्षों में इंदौर को स्लम-फ्री (झुग्गी-मुक्त) बनाने का लक्ष्य है।

श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ ने डॉ. आम्बेडकर को याद किया

इन्दौर। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर नगर निगम प्रांगण स्थित संस्था कार्यालय पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्या अर्पण कर, श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं विचार गोष्ठी रखी गई, जिसमें बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

म.प्र. श्रम जीवी सफाई कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ से संबंध के अध्यक्ष सुरेश लाहोरे, चौधरी बलराम चिन्तामण उस्ताद, पटेल मुकेश गौसर, ईश्वरलाल विश्नार, कमल नाहर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष श्री भारत के संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। चित्र पर माल्या अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस माल्या, अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व पार्षद हरीश नागर, दीपक लोट, कमल वेद, चौधरी बलराम चिन्तामण उस्ताद ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर भरतसिंह चौहान, केदारजी, सत्यनारायण यादव, चौधरी चंदन तेजी, कुन्दलाल संगेलिया, भारत कछवाह, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश लाहोरे ने किया तथा आभार अरुण चिन्तामण एवं गनू लाहोरे ने माना। जानकारी सुरेश लाहोरे ने दी।

श्रेयस स्कूल की सांवनी अहिरवार को रेड बेल्ट

इन्दौर। शोतोकान कराते डू इंटरनेशनल फेडरेशन मध्यप्रदेश संघ एवं कोशिकी मार्शल आर्ट्स के मध्यप्रदेश के पूर्व महा सचिव एवं सर्वसम्मति ने राष्ट्रीय खिलाड़ी रही सानवी अहिरवार के उभरते हुए परफॉर्मेंस को देखते हुए रेड बेल्ट क्यों डान की उपाधि से नवाजा है। सानवी श्रेयस लिटिल चैप्स अकादमी के खिलाड़ी है। हाल ही में आयोजित हुई राष्ट्रीय कराते सेमिनार पंजाब एवं राष्ट्रीय कोशिकी मार्शल आर्ट सेमिनार गोवा में दोनों का प्रदर्शन अति उत्तम रहा । एवं वे आने वाले कोड़ाई कप जो कि अप्रैल में कोडाइकनाल में आयोजित होगा एवं उसमें अपनी चमक बिखेरेंगे । उनकी इस उपलब्धि पर एलेट स्पोर्ट्स के फाउंडर श्री महेश लश्करी एवं पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी साथी पांचाल ने बधाई दी एवं आभार राजेंद्र पाटिल ने माना ।

इंटर क्लब मदर्स ट्रॉफी बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन

इन्दौर। इंटर क्लब मदर्स ट्रॉफी बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को इंडियन स्पोर्ट्स एकेडमी तुलसी नगर में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 70 प्रतियोगियों ने भाग लिया।

जिसमे 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्री दिनेश पटेरिया एवं श्री कृतित्व यादव की जोड़ी विजेता रही और श्री शैलेन्द्र ताले एवं श्री सत्येन्द्र मंडलोई की जोड़ी उपविजेता रही।

55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्रीमान मनोज शर्मा और डॉक्टर राहुल अडावल की जोड़ी विजेता रही और श्री शैलेन्द्र कुशवाह और डॉक्टर विवेक चंद्रावत की जोड़ी उपविजेता रही।

प्रतियोगिता का उद्घा तन मुख्य अतिथि श्री संजय जगदाले (पूर्व सचिव बीसीसीआई) श्री श्वेतांक वर्मा (संचालक इंडियन स्पोर्ट्स अकादमी) एवं श्री शैलेन्द्र कुशवाह द्वारा स्वर्गीय शांतिदेवी कुशवाह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दिया गया। श्री संजय जगदाले जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूर्व और वर्तमान क्रिकेट खिलाड़ी भी बेडमिंटन खेलकर अपनी फिटनेस बनाते रहते हैं। मदर्स ट्रॉफी का समापन एवं पुरस्कार वितरण श्री आर पी सिंह नैय्यर (सचिव इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन) और श्री एस एस खेडेकर (संचालक इंडियन स्पोर्ट्स अकादमी) द्वारा किया गया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। सभी प्रतिभागियों को ÷बुलेट÷ एवम गेमर्स गिफ्ट टेक एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टी शर्ट प्रदान की गई।

निमना खिलाड़ियों का विशेष सम्मान मेडल देकर किया गया ÷

इलक तलरेजा, सयाली वाघ, अश्लेषा भटनागर, हर्षित, कौशल, श्री प्रकाश नंदवाल, डॉक्टर विवेक चंद्रावत, श्री श्रीराम यादव, नीलेश यादव, श्री आशीष, श्री विनोद आचार्य, श्री हरिओम राठौड़, श्री रितेश चंदानी, श्री मनीष पटेल।

प्रतियोगिता का संचालन श्री हरिओम राठौड़ एवं श्री मनोज शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से संचलित करने में श्री उम्मेश नवरे, श्री मनीष पटेल, श्रीमान, गौरव, श्रीमान, दिनेश का योगदान रहा।

प्रतियोगिता का प्रयोग ÷बुलेट÷ एवम गेमर्स गिफ्ट टेक एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया

चौथी श्री जगदीशचंद्र जी वर्मा दादा स्मृति आट्या पाट्या जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन

इन्दौर। खेल जगत को अपना जीवन अर्पित करने वाले खेल मसीहा दादा श्री जगदीशचंद वर्मा जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में 12 अप्रैल 2026 को चौथी श्री जगदीशचंद्र वर्मा दादा स्मृति आट्या पाट्या प्रतियोगिता का शानदार आयोजन भारतीय खेलों की संस्था अरविंद क्रीड़ा मंडल एवं जिला आट्या पाट्या संघ द्वारा चिमनबाग मैदान पर सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें कई स्कूलों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में डेजी डेल्स स्कूल ने श्री भारतीय संस्कृति संस्थान को 2-0 से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया, श्री भारतीय संस्कृति संस्थान द्वितीय एवं हम्टी डम्टी स्कूल तृतीय स्थान पर रही तथा बालक वर्ग में प्रथम स्थान हूडहूड ने डेजी डेल्स को 2-0 से हराकर प्राप्त किया डेजी डेल्स द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मल्हाश्रम स्कूल रहा। साथ ही स्कूल के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं मैडल वितरण माननीय सहायक अधीक्षक डाक विभाग, इंदौर मोफ़सिल संभाग से श्री देवेश ओसारी जी द्वारा किया गया, इस अवसर पर मध्य प्रदेश संघ के सचिव श्री राजेश गौड़ , अंतराष्ट्रीय पदक विजेता एथलिट एवं विक्रम अवॉर्डी श्रीमती ऊषा वर्मा बौरासी, अरविंद क्रीड़ा मंडल की संरक्षक श्रीमती इंदु वर्मा, हूडहा एथलेटिक कोच राजेंद्र वर्मा, प्रगति एथलेटिक क्लब देवास से अनिल श्रीवास्तव, शिवनारायण टांडी, किरणबाला टांडी,

एवं वरिष्ठ सदस्य संजय अटवाल, संजय पाटनकर, आशीष गुप्ते, सतीश गरुड़, राजेंद्र श्रीवास, आट्या पाट्या के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल पांसे एवं प्रेरिता साहू, पिकल बॉल खिलाड़ी रोहित देवनानी, पूजा वर्मा, नीतू साहू, ने विजेता टीमों को बधाई दी। आभार मयूरी वर्मा द्वारा माना गया ।



जाहिर सूचना (बेदखली सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती सुमन बाई, पत्नी स्वर्गीय भंवर सिंह जी देवड़ा, निवासी- भवन क्रमांक 58 (नया नंबर 158), हीरानगर, इंदौर (म.प्र.). घोषणा करती हूं कि मैं उपरोक्त वर्णित मकान की पूर्ण एवं एकमात्र स्वामिनी हूँ, मेरे पुत्रगण लखन, शंकर, कैलाश, गोविंद देवड़ा एवं पुत्रियाँ : दुर्गा पवार, ममता मकवाना, रामा पवार मेरे साथ निवास नहीं करते हैं और न ही वे मेरी देखरेख या भरण-पोषण करते हैं। अतः, मैं अपनी स्वेच्छा और पूर्ण होश-ओ-हवास में अपने उपरोक्त सभी पुत्र पुत्रियों एवं उनके समस्त वारिसों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल (Disinherit) करती हूँ।

मैंने अपनी उक्त संपत्ति का वारिस केवल अपने नाती अर्जुन पिता लखन सिंह देवड़ा को नियुक्त किया है, जो मेरी पूर्ण सेवा और देखभाल कर रहा है। भविष्य में उक्त व्यक्तियों (बेदखल किए गए पुत्र/पुत्रियों) के साथ इस संपत्ति को लेकर किया गया कोई भी लेन-देन, इकरारनामा या व्यवहार शून्य माना जाएगा और उसके लिए मैं या मेरी संपत्ति जिम्मेदार नहीं होगी। यह सूचना भविष्य की वैधानिक सुरक्षा हेतु जनहित में प्रकाशित की जा रही है।

श्रीमती सुमन बाई, पत्नी स्वर्गीय भंवर सिंह जी देवड़ा,
निवासी- भवन क्रमांक 58 (नया नंबर 158), हीरानगर, इंदौर (म.प्र.)

In The Court of II Civil Judge Class-I, District Court Indore

Presiding Officer: श्रीमती मिनी गुप्ता
कमर्शियल प्रकरण क्रमांक (8/2026)

तिरूपति स्टॉर्च एण्ड केमिकल्स **Vs** आईनाक्षल मेडीकेयर प्रा. लि.

पेशी दिनांक - 25.04.2026

प्रेषिति- 1. आईनाक्षल मेडीकेयर प्रा.लि. पता- ई-210 द्वितीय मंजिल क्रिस्टल प्लाजा न्यू लिंक रोड के पास अंधेरी पश्चिम मुम्बई अन्य पता - 46 ग्राम पनवा तहसील कसरावद खरगौन अन्य पता- गणेश चेम्बर 1 मोहन नगर एबी रोड नवलखा इंदौर, 2. आदित्य गुप्ता पिता मनोहरलाल गुप्ता पता- 9 जानकी नगर एनेक्स इंदौर 3. श्री आशीष गर्ग पिता गोविन्द दास गर्ग, पता-5 आनंद बगीची आरवाल नगर इंदौर

यह कि **मे. तिरूपति स्टॉर्च एण्ड केमिकल्स तर्फे संजय अरोरा पिता महेशचंद्र** ने आपके विरूद्ध कमर्शियल सूट के लिए वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये **उपसंजात/ हाजिर** होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जें या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधरित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें . आज तारीख 08.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया

(मिनी गुप्ता), गयारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड इंदौर जिला-न्यायालय इन्दौर म.प्र.

कृपया ध्यान दें (1) यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।